केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**सीबीएसई/निदे.(शैक्ष.)/2022** **8 अप्रैल 2022**

**परिपत्र सं.-शैक्ष- 45/2022**

सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुख

**विषय: जीवन कौशल, स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम में किशोर पीयर एजुकेटर्स नेतृत्व के संबंध में।**

10 सितंबर 2021 के परिपत्र संख्या शैक्ष-80/2021 के माध्यम से बोर्ड ने एक्सप्रेशन्स इंडिया के सानिध्य में, अपने छात्रों के जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से किशोर पीयर एजुकेटर्स नेतृत्व कार्यक्रम शुरू करने और उसे सहयोग देने की घोषणा की है। बोर्ड ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ 23 नवंबर 2021 से किया है ।
कोविड-19 महामारी ने देश भर में बच्चों और किशोरों की मनोसामाजिक स्थिति को प्रभावित किया है अत: इस प्रकार की पहल का औचित्य, छात्रों को समावेशी वातावरण को मजबूत करने के लिए व्यवहार परिवर्तन और अनुकूलन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाना है । कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन कौशल और कल्याण प्रतिनिधि को सशक्त बनाना और स्वस्थ और खुशहाल विद्यालयों के लिए वातावरण को समृद्ध बनाना है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रथम चरण**

इस कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रथम चरण में लगभग 2462 स्कूलों ने अपने छात्रों और शिक्षकों का नामांकन किया। इनमें से कई विद्यालयों के नामांकित विद्यार्थियों (पीयर एजुकेटर्स) और शिक्षकों को, जिन्हें इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया गया है, ने अपने स्कूलों में जीवन कौशल, स्वास्थ्य और कल्याण के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार की है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों का द्वितीय चरण**

बोर्ड मई 2022 माह में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का द्वितीय चरण आरम्भ करेगा। स्कूलों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार अपना नामांकन भेजें:

- चार वरिष्ठ छात्र (पीयर एजुकेटर्स) नामांकित करें - कक्षा IX और XI प्रत्येक में से दो-दो छात्र व्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु।
- साथ ही 4 पीयर एजुकेटर्स की सहायता के लिए एक शिक्षक और स्कूल परामर्शदाता/वेलनेस शिक्षक को भी नामांकित करें।

पीयर एजुकेटर्स टीम के प्रतिनिधि को नामांकित करते समय, कृपया सुनिश्चित करें कि टीम के सभी सदस्यों के पास निम्नलिखित व्यवहार सम्बन्धी विशेषताएं हों :

1. समूह में कार्य करने के लिए उत्साह और प्रतिबद्धता
2. सहयोगियों के लिए अच्छा संचार कौशल और सहानुभूति

3. दूसरों के साथ उपयुक्त व्यवहार के प्रतिमान और मुख्य भूमिका निर्वाह करने की क्षमता
4. स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों के प्रति ज्ञान और संवेदनशीलता के लिए उत्साह

**कैसे पंजीकृत करें**

- भाग लेने के इच्छुक स्कूल https://forms.gle/WV5sSv4wAm8WWJMr6 लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं।
- जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के प्रचार के लिए स्कूल द्वारा की जा रही ऑनलाइन गतिविधियों का एक संक्षिप्त नोट (400 शब्द) भी पंजीकरण फॉर्म के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने की अंतिम तिथि **30 अप्रैल, 2022** है। केवल ऑनलाइन पंजीकरण प्रपत्र ही स्वीकार्य होंगे।

**प्रति कार्यक्रम स्कूलों की संख्या**

- प्रति प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 स्कूलों का नामांकन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की समय-सारणी के अनुसार संबंधित स्कूलों को सूचित किया जाएगा। भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों को भागीदारी प्रमाण पत्र (ई-प्रमाण पत्र) प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का पूर्ण विवरण परिपत्र संख्या शैक्ष.-80/2021 दिनांक 10 सितंबर 2021 में दिया गया है और यह https://cbseacademic.nic.in/web_material/Circulars/2021/80_Circular_2021.pdf लिंक पर उपलब्ध है।

स्कूल प्रमुखों से अनुरोध है कि वे स्कूलों में जीवन कौशल शिक्षा प्रतिमान का एक सतत वातावरण बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करें।

अधिक जानकारी हेतु, कृपया peerlifeskills@gmail.com पर ईमेल करें।

**डॉ जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**प्रति :**

**अपने अधिकार क्षेत्र के सभी स्कूलों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ नीचे दिए गए अनुसार निदेशालय, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को प्रतिलिपि:**

1. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, ए-विंग, डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, 110001
2. संयुक्त सचिव (बीआर/सीईआर/सैनिक स्कूल), सैनिक स्कूल सोसायटी, कमरा नंबर 108 (आई), साउथ ब्लॉक, नईदिल्ली-110001।
3. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस), एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।

4. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नईदिल्ली-**16**
5. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-**15**, सेक्टर-**62**, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा-**201309**
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-**110 054**
7. लोक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर **9**, चंडीगढ़-**160017**
8. निदेशक (परीक्षा और छात्रवृत्ति),सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम **-737101**
9. शिक्षा निदेशक, शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार,ईटानगर-**791111** मोबाइल 08794812121
10. निदेशक (शिक्षा), शिक्षा निदेशालय, वीआईपी रोड, पोर्ट ब्लेयर,अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह-**744103**
11. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-**3**, रोहिणी, दिल्ली
12. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली- **110001**
13. निदेशक एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर **202**, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-**110010**
14. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध स्कूलों के सभी प्रमुखों को इस परिपत्र को भेजें।
15. सभी संयुक्त सचिव/उपसचिव/सहायक सचिव/ वरिष्ठ निजी सचिव/विश्लेषक, सीबीएसई
16. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
17. इस परिपत्र को सीबीएसई शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ प्रभारी आईटी यूनिट
18. प्रभारी, पुस्तकालय
19. प्रमुख (मीडिया एवं जनसंपर्क), सीबीएसई
20. अध्यक्ष, सीबीएसई के उप सचिव
21. सचिव, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
22. निदेशक (शैक्षणिक), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
23. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
24. परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
25. निदेशक (प्रशिक्षण और कौशल शिक्षा), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
26. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
27. निदेशक (सीटीईटी),सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
28. निदेशक (एडुसेट), सीबीएसई केवरिष्ठ निजी सचिव
29. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक(शैक्षणिक)**